उत्तर प्रदेश में स्थित एयरलाइंस के कार्यालयों में भ्रष्टाचार

4168. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में स्थित एयरलाइंस के कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है ;

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार के कितने मामले पंजीकृत किये गये हैं और प्रत्येक मामले का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में इंडियन एयरलाइंस के कार्यालयों में भ्रष्टाचार के दो मामलों का पता चला था । एक मामले में, टिकेटिंग/टिकटों की वापसी में अनियमितताएं पाई गई थीं । संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई की गई है । दूसरे मामले म छोटे-मोटे रोकड़ के वाऊचरो म हेरा-फेरी पाई गई थी और इसमें ग्रंतग्रस्त अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारभ की गई है ।

देश में पर्यटक स्थलों का विकास

4169. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि :

(क) भारत सरकार ने इस वर्ष विकास के लिए देश भर में किन-किन पर्यटक स्थलों का चयन किया है ; और

(ख) ऐसे प्रत्येक पर्यटक स्थल के लिए योजनावार कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराज सिंधिया) :)क) और (ख) पर्यटन का विकास करना मुख्यत: राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है । तथापि, केन्द्रीय पर्यटन विभाग विशिष्ट प्रस्तावों के लिए, उनके गुण-दोष, धन की उपलब्धता और पारस्परिक प्राथमिकताओं पर निर्भर रहते हुए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । अत: धन को पहले से कोई आबंटन नहीं किया जाता है ।

देश में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास

4170. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में बोध गया, राजगृह, पावापुरी, वैशाली, नालंदा तथा विक्रमशिला जैसे सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल हैं जहां बड़ी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों का आगमन होता है ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने इन स्थानों में पर्यटन के विकास के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है ;

(ग) यदि हां, तो क्या ऐसी कार्य योजना में हवाई पट्टी तथा होटल निर्माण की कोई योजना शामिल की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो उनका निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ किया जायेगा और उनमें कितने व्यय का प्रावधान है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, बड़ी संख्या में पर्यटक बोधगया, राजगीर और नालंदा की यात्रा करते हैं ।

(ख) केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश तथा बिहार में बौद्ध केन्द्रों का विकास करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है ।

(ग) और (घ) फिलहाल उपर्युक्त में से किसी भी स्थान पर हवाई पट्टी बनाने की कोई योजना नहीं है । बोध गया में